
# मैदान पर खिलाड़ियों ने बहाया पसीना, एक झलक पाने उमड़े प्रशंसक



भारतीय टीम ने दिन में तो न्यूजीलैंड की टीम ने शाम को किया अभ्यास






इंदौर. होलकर स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैण्ड के बीच चल रही तीन मैचों की वन डे श्रृंखला का अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा. यहां भारतीय टीम का रिकॉर्ड अजेय रहा है. भारतीय टीम उसे बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी. तीन मैचों की श्रृंखला फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है, ऐसे में यह मुकाबला निर्णायक बन गया है. दूसरी ओर न्यूजीलैंड की नजर भारत में पहली बार द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने पर टिकी होगी.

### 2019 के बाद द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं

मार्च 2019 के बाद से भारत ने अपने घरेलू मैदान पर कोई भी द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं गंवाई है. उस समय ऑस्ट्रेलिया ने 0-2 से पिछड़ने के बावजूद 3-2 से श्रृंखला अपने नाम की थी. अब एक बार फिर यह रिकॉर्ड दांव पर लगा है. न्यूजीलैंड के लिए भी यह मैच बेहद अहम है, क्योंकि 1989 से भारत के दौरों के बावजूद वह यहां कभी वनडे श्रृंखला नहीं जीत सका है. मौजूदा परिस्थितियों में यह उसके लिए सुनहरा मौका माना जा रहा है.

अंतिम मैच में अपना बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शनिवार को मैदान में जमकर पसीना बहाया. दोपहर में भारतीय टीम नेट प्रैक्टिस करने पहुंची. दोपहर लगभग ढाई घंटे भारतीय खिलाड़ियों ने तेज धूप में नेट प्रैक्टिस की. बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने जमकर पसीना बहाया. इसके बाद न्यूजीलैण्ड की टीम मैदान पर पहुंची. उन्होंने भी दो घंटे से ज्यादा मैदान पर अभ्यास किया. दोनों ही टीमों का लक्ष्य अंतिम मैच जीतने पर. वहीं, टीम के अभ्यास सत्र के दौरान मैदान के बाहर प्रशंसकों की भीड़ भी जमा रही. वे अपने चहेते खिलाड़ी की झलक पाने के लिए आतुर दिखे. कड़ी सुरक्षा के चलते स्टेडियम के अंदर जाना संभव नहीं था. इसी के चलते वे खिलाड़ियों को लाने ले जाने वाली बस पर निगाहे टिके रहे. बस जैसे ही बाहर निकली खिलाड़ियों ने झलक पाकर झूम उठे और इस पल को अपने कैमरे में कैद किया. वहीं खिलाड़ियों ने भी उनका अभिवादन किया.

### स्टंप टू स्टंप गेंदबाजी करना यहां फायदेमंद

इंदौर होलकर स्टेडियम का मैदान छोटा है और आमतौर पर यहां ज्यादा रन बनते हैं. एक गेंदबाज के तौर पर अगर आप स्टंप-टू-स्टंप गेंदबाजी करते हैं तो आपके पास एलबीडब्ल्यू या बोल्ड करने जैसे विकल्प होते हैं. इसलिए यह फायदेमंद हैं.

यह बात तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने मीडिया से चर्चा में कही. उन्होंने कहा कि हम दोनों ही मैचों में अच्छा कर रहे है, हमने अच्छी बल्लेबाजी की और गेंदबाजी में भी हमने अच्छा किया, लेकिन एक कैच ड्रॉप होने के बाद पूरा मैच पलट गया. यदि वह कैच हो जाता तो परिणाम शायद कुछ और ही होता. हमने अब तक स्पिन हो या फास्ट बॉलिंग सभी में अच्छा काम किया है. हर्षित ने अब तक अच्छी गेंदबाजी की है। नई गेंद से वह लगातार विकेट ले रहा है. सिराज ने कहा कि निर्णायक मैच में खेलने से पहले टीम का माहौल सकारात्मक बना हुआ है. उन्होंने कहा कि टीम का माहौल बहुत अच्छा है। सीनियर खिलाड़ियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है. जीत और हार होती रहती हैं, लेकिन ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत ही सकारात्मक है.

उन्होंने कहा कि अब तक हमने दोनों मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है. बल्लेबाजी और गेंदबाजी में भी हम बेहतर रहे है. दूसरे मैच में जल्द विकेट गिरने के बाद केएल राहुल और जडेजा ने अच्छी बल्लेबाजी की और 280 के पार स्कोर किया. आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में मोहम्मद सिराज जगह नहीं बना सके हैं. टी-20 विश्व कप की टीम में जगह नहीं मिलने के बारे में सिराज ने कहा कि वह इस बड़े टूर्नामेंट में खेलना पसंद करते, लेकिन शायद कार्यभार प्रबंधन के कारण यह निर्णय लेना पड़ा. उन्होंने कहा कि वह बस यही चाहते हैं कि ट्रॉफी भारत में ही रहे। जो टीम बनी है वह ऑन पेपर मजबूत है.

## एक नजर में

### वयोवृद्ध पं. शास्त्री का नागरिक अभिनंदन




इन्दौर. शहर के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य एवं वयोवृद्ध कर्मकांड भूषण आचार्य पं. कल्याण दत्त शास्त्री का शहर की विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं द्वारा फतेहपुरिया समाज मांगलिक भवन पर आयोजित गरिमापूर्ण समारोह में नागरिक अभिनंदन किया गया. इस अवसर पर माँ शाकम्भरी का दरबार सजाकर मंगल पाठ भी किया गया. महिलाओं ने भजनों पर नृत्य भी किया. इस अवसर पर हंसदास मठ के महामंडलेश्वर पवनदास महाराज, राष्ट्र कवि पं. सत्यनारायण सत्तन, विधायक गोलू शुक्ला, गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम एरन, मंत्री रामविलास राठी, अन्नपूर्णा आश्रम मंदिर समिति के संचालक स्वामी जयेंद्रानंद गिरि, भागवताचार्य पुष्पानंदन पवन तिवारी, मप्र ज्योतिष एवं विद्वत परिषद के अध्यक्ष आचार्य रामचंद्र शर्मा वैदिक, राजाराम पाठक, नंदकिशोर शर्मा, दीपक दुबे, विवेक शास्त्री एवं किशोर जोशी ने विधि विधान से मंगलाचरण एवं अन्य विधियाँ संपन्न कराई. जूनी इंदौर गणेश मंडल एवं मेरी सहेली मित्र मंडल की ओर से डिम्पल राम शर्मा, परशुराम महासभा की ओर से संजय मिश्रा, पं. गोविंद शर्मा, अनूप शुक्ला, मोनिका शर्मा, मोनिका दुबे, कविता शर्मा, सत्येन्द्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक धार्मिक संस्थाओं की ओर से पं. शास्त्री का सम्मान कर उन्हें हमेशा स्वस्थ, व्यस्त एवं शतायु होने की शुभकामनाएं समर्पित की गई।. आभार माना पं. सुरेन्द्र मिश्रा ने.

### इंद्रिया के दूसरे स्टोर का किया शुभारंभ



इंदौर. मध्य प्रदेश के व्यावसायिक और सांस्कृतिक केंद्र इंदौर में इंद्रिया, आदित्य बिरला ज्वेलरी ने स्टोर के शुभारंभ किया. इंदौर को अपनी शानदार धरोहर, शानो-शौकत और बेहतरीन लाइफस्टाइल के उभरते शहर के तौर पर जाना जाता है. इंद्रिया का यह नया स्टोर ग्राहकों को सुकून के साथ खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. इस स्टोर के हर कोने को काफी सोच-समझकर बनाया गया है, जिसमें एक ब्राइडल लाउंज और खास तौर पर तैयार किए गए कारीगरी रूम के साथ-साथ 28,000 से ज्यादा बेहद खूबसूरत डिज़ाइनों की विशाल प्रदर्शनी मौजूद है. इंद्रिया के सीईओ संदीप कोहली ने कहा हमारे दूसरे स्टोर का लॉन्च, सही मायने में इस शहर में लग्ज़री पसंद करने वालों के बढ़ते दायरे और मध्य प्रदेश के लोगों के साथ इंद्रिया के जुड़ाव को और मज़बूत करने की हमारी चाहत का सबूत है. हमने अपने कलेक्शन को यहाँ की परंपरा और स्टाइल को लेकर लोगों की पसंद को ध्यान में रखकर बड़ी बारीकी से डिज़ाइन किया है, ताकि हर आभूषण अपनी खूबसूरती और अनोखी कारीगरी की कहानी बयां करे.

### अग्रसेन यूथ क्लब की कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह



इन्दौर. अग्रवाल समाज की तरुणाई का पिछले 45 वर्षों से प्रतिनिधित्व कर रही संस्था अग्रसेन यूथ क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता एवं सचिव सौरभ गोयल बालाजी सहित नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का शपथ विधि समारोह समाजसेवी राजेश-सुनीता गर्ग केटी एवं हितेश-अर्पिता बिंदल के मुख्य आतिथ्य में बायपास स्थित भंडारी रिसोर्ट सौल्लास संपन्न हुआ, कार्यक्रम संयोजक गोविंद सिंघल मामा एवं राहुल गोयल बंटी ने बताया कि इस अवसर पर समाजसेवी हितेश बिंदल, निकेत मंगल, प्रयोग गर्ग, संजय बांकडा, अतुल गर्ग, राजीव बांकडा, संदीप गोयल, विनोद बागड़ी सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल संगठनों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित थे. नए संचालक मंडल में हितेश गोयल उपाध्यक्ष, मयूर अग्रवाल कोषाध्यक्ष, पुनीत गर्ग सह सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य अमल गोयल, सीए जयेश जिंदल, पार्थ बागड़ी, ऋतिक बद्रुका, रोहित अग्रवाल, सीए आयुष जिंदल, आदित्य अग्रवाल तथा मानद कार्यकारिणी में रीतेश मित्तल और दिलीप गर्ग ने भी शपथ ग्रहण की। आभार माना सचिक सौरभ गोयल बालाजी ने.

## भागीरथपुरा में डायरिया का असर बरकरार, 6 मरीज आईसीयू में

### 116 मरीज पहुंचे, 10 वार्ड में भर्ती, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. भागीरथपुरा क्षेत्र में डायरिया और पेट संबंधी बीमारियों की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है. शनिवार को क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अस्पतालों में 116 मरीज उपचार के लिए पहुंचे, जिनमें छह मरीज डायरिया से पीड़ित पाए गए. बीमारी की गंभीरता को देखते हुए छह मरीजों को आईसीयू में भर्ती किया है, जबकि 10 अन्य मरीज अस्पताल के वार्ड में उपचाररत हैं.**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में 50 सर्वे दलों द्वारा सघन सर्वे अभियान चलाया गया. सर्वे के दौरान घर घर जाकर हेल्थ कार्ड वितरित किए. साथ ही नागरिकों को पानी उबालकर पीने, अच्छी तरह पका भोजन करने और हाथ धोने के सही तरीकों की जानकारी दी गई. क्षेत्र में 10 जनवरी से स्वास्थ्यवर्धन अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसके तहत गैर संचारी रोगों की जांच लगातार की जा रही है. वहीं कलेक्टर के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्र में दो एम्बुलेंस तैनात की गई हैं और 24 घंटे चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई है. वहीं गंभीर मरीजों को एमवाय अस्पताल, अरविंदो अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरू अस्पताल रेफर किया जा रहा है. निजी अस्पतालों में उपचार लेने वाले मरीजों को भी निःशुल्क जांच, दवा और इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं.

## दांतों के साथ ही इम्प्लांट की देखरेख करना जरूरी

- इंडियन डेंटल एसोसिएशन मप्र की कांफ्रेंस में पहुंचे देश विदेश के डॉक्टर्स
- नई तकनीक के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा बढ़ाने पर हुई चर्चा




**इंदौर.** इम्प्लांट लगाना ही महत्वपूर्ण नहीं है. इनकी देखरेख करना सबसे जरूरी होता है। इस बात को अधिकतर लोग ध्यान नहीं रखते. जिसके कारण कम समय के बाद ही नई समस्या सामने आती है. दांतों के साथ ही इम्प्लांट की भी देखरेख करना जरूरी होता है. यह सामान्य नजर आता है लेकिन बेहद ही जरूरी है. इसके लिए दिन में दो बार ब्रश करना, साफ्ट ब्रश उपयोग करना, कम से कम दो से तीन मिनट ही ब्रश करें. हर छह माह में दांतों की जांच जरूरी है. अब नई तकनीक आ चुकी है जिसमें मशीन गाइड कर सब बता देती है.

यह बात इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आइडीए) मध्य प्रदेश की कांफ्रेंस के दौरान शनिवार को बैंगलूरु से आए डॉ. अनिरबन चटर्जी ने कही. कांफ्रेंस में देश विदेश से पहुंचे डॉक्टर्स ने दांतों की आधुनिक तकनीक पर चर्चा की. लगभग 2000 रिसर्च पेपर भी पब्लिश किए गए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट रहे. उन्होंने हर मरीज को सस्ता व बेहतर उपचार मिले इसके लिए डॉक्टर्स से चर्चा की. वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर दंत चिकित्सा उपलब्ध कराने की बात कही. आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. सुमीत जैन ने बताया शनिवार को डिजिटल डेंटिस्ट्री, थ्री डी इमेजिंग, इम्प्लांटोलॉजी, लेजर तकनीक, क्लियर अलाइनर उपचार, एंडोडॉन्टिक्स, पीडियाट्रिक और कॉस्मेटिक डेंटिस्ट्री सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई. वैज्ञानिक अध्यक्ष डॉ. मधुर नवलानी ने बताया इस सम्मेलन में तकनीक पर चर्चा के लिए विशेषज्ञ पहुंचे हैं. जिन्होंने स्टूडेंट्स को भी बारीकियों से अवगत कराया है. डॉ. अमित रावत ने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से निजी सहित सरकारी अस्पतालों में दांतों के बेहतर उपचार को लेकर चर्चा हुई. सभी सदस्यों ने इसे लेकर सहमति जताई.

### विदेशों से भारत आ रहे लोग

कांफ्रेंस के मुख्य अतिथि सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा मैं 1980 में दंत चिकित्सा महाविद्यालय से पढ़ाई कर चुका हूं. सांसद के साथ ही डेंटल सर्जन भी हूं. कांफ्रेंस में पूरे प्रदेश व देश विदेश से डॉक्टर्स आए हैं. नई तकनीक पर सभी चर्चा कर रहे हैं. दंत चिकित्सा में अब भारत बहुत आगे निकल चुका है. अब विदेशों से मरीज भारत में इलाज के लिए आ रहे हैं. एक तरह से डेंटल टूरिज्म हब बच चुका है. इसमें इंदौर भी अग्रणी हो गया है. अभी मध्य प्रदेश में अधिक सीट मिली है. अभी कई क्षेत्रों में डॉक्टर्स ग्रामीण क्षेत्रों में जाना नहीं चाहते लेकिन अब जरूरत है ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा को बढ़ाया जाए।

## विद्यार्थियों ने इंडिया गेट के समक्ष अर्पित की पुष्पांजलि



**इंदौर.** संस्था सेवा सुरभि के तत्वावधान में चल रहे झंडा ऊँचा रहे हमारा卐 अभियान के अंतर्गत शनिवार सुबह रीगल चौराहे पर राष्ट्रप्रेम, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी का एक भावुक व प्रेरक दृश्य देखने को मिला, जब अल्पसंख्यक समुदाय के 40 विद्यालयों से आए करीब 600 विद्यार्थियों ने अनुशासित और उत्साहपूर्ण तिरंगा यात्रा निकालते हुए गांधी हॉल से रीगल चौराजा स्थित इंडिया गेट तक मार्चपास्ट किया. हाथों में तिरंगा, होठों पर देशभक्ति के नारे और आँखों में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव लिए इन विद्यार्थियों ने यह सिद्ध करने का विनम्र प्रयास किया कि राष्ट्रप्रेम की असली ताकत युवा पीढ़ी में ही बसती है.

इंडिया गेट पर संस्था सेवा सुरभि के संयोजक ओमप्रकाश नरेडा, कुमार सिद्धार्थ, पंकज कासलीवाल, अनुराग जैन और कमल कलवानी ने रैली में शामिल विभिन्न स्कूलों के संचालकों, प्राचार्यों और प्रतिनिधियों का स्वागत किया. कार्यक्रम में इसहाक खान, याकूब मेमन, अल्ताफ हुसैन मंसूरी, सैयद इरशाद अली, नीलोफर खान सहित कई स्कूल संचालकों एवं रैली में भागीदार बने लोगों को उनके योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. इसके पूर्व गाँधी हॉल में अभ्यास मंडल के रामेश्वर गुप्ता, आलोक खरे, राजू सैनी, शफी शेख, प्रो. असद खान और प्रणिता दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर इस विशाल रैली को रवाना किया.झंडा ऊँचा रहे हमारा, हिंदुस्तावन जिंदाबाद के नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा। इंडिया गेट के सामने पहुँचकर विद्यार्थियों ने अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए. इसके बाद सभी विद्यार्थियों ने राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लिया और साथ ही शहर को नशा मुक्त बनाने का संदेश भी दिया. सभा का संचालन शफी शेख ने किया. सैयद इरशाद अली ने आभार माना.

## खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या कल





**इंदौर.** खाटू श्याम बाबा की कृपा और भक्ति भाव से सराबोर एक भव्य भजन संध्या का आयोजन 20 जनवरी को इंदौर में किया जा रहा है. इस भक्तिमय संध्या में श्याम प्रेमी बाबा के भजनों में डूबकर मन की शांति और सुकून का अनुभव करेंगे.

यह भजन संध्या शाम 6 बजे से साईं मंदिर, पुलिस लाइन, छत्रीबाग के पास आयोजित होगी. कार्यक्रम में राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रेम शंकर जाट अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्याम भक्तों को भावविभोर करेंगे. उनके भजनों से पूरा वातावरण श्याम नाम से गूंज उठेगा. कार्यक्रम में युवराजसिंह ठाकुर, मुकुल असनारे एवं इंदौर की भजन गायिका जिया परमार भी अपनी मधुर वाणी से श्याम भक्ति का रंग बिखेरेंगी. यह आयोजन करने वाला श्याम, कराने वाला श्याम के तहत किया जा रहा है. आयोजन की जानकारी आयोजक हितेश हरगांवकर द्वारा दी गई. कार्यक्रम में शैलेष वर्मा, ऋषभ राठौर एवं आयुष यादव का सहयोग रहेगा. आयोजकों ने सभी श्याम भक्तों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाबा श्याम की भक्ति में शामिल हों और उनका आशीर्वाद प्राप्त करें.

## एमवाय में भर्ती डेढ़ माह के शिशु की मौत

### यह वही बच्चा है, जिसका नर्स की लापरवाही से अंगूठा कट गया था

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के न्यू चेस्ट वार्ड में इलाज के दौरान डेढ़ माह के एक शिशु की शनिवार को मौत हो गई. यह वही शिशु है, जिसका कुछ समय पहले इंट्राकैथ बदलते वक्त नर्स की लापरवाही के चलते अंगूठा कटकर अलग हो गया था. शिशु की मौत के बाद यह पुरानी घटना एक बार फिर चर्चा में आ गई है.बेटमा क्षेत्र के बजरंगपुरा गांव निवासी अंजुबाई का यह बच्चा 24 दिसंबर को निमोनिया की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया था. परिजनों ने बताया कि इलाज के दौरान हाथ में सूजन आने पर नर्सिंग स्टॉफ को बुलाया. उसी समय इंट्राकैथ पर लगी टेप काटते हुए कैंची बच्चे के अंगूठे पर लग गई और अंगूठा कटकर अलग हो गया था, बाद में सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में सर्जरी कर उसका अंगूठा जोड़ दिया था. घटना उजागर होने पर अस्पताल प्रबंधन ने नर्सिंग ऑफिसर को निलंबित कर दिया था, वहीं तीन नर्सिंग इंचार्ज का एक माह का वेतन रोका गया था. इलाज के बाद बच्चे को छुट्टी दे दी गई थी, लेकिन हाल ही में उसकी तबीयत फिर बिगड़ने पर उसे दोबारा एमजीएम में भर्ती किया गया था. शनिवार को इलाज के दौरान शिशु की हालत लगातार बिगड़ती गई और उसकी मौत हो गई.

**परिजन नहीं चाहते थे पीएम कर दिया अंतिम संस्कार**

बच्चे के पिता रवि का कहना है कि बच्चे को दोबारा निमोनिया हो गया था, जिससे उसकी जान गई. परिजन पोस्टमार्टम कराने की मानसिक स्थिति में नहीं थे और शव लेकर गांव लौट गए. बाद में अंतिम संस्कार कर दिया. वहीं, मामले में पीडियाट्रिक यूनिट के विभागाध्यक्ष डॉ. निर्भय मेहता का कहना है कि शिशु जन्म से ही अत्यंत कमजोर था. जन्म के बाद उसे निमोनिया के चलते एमटीएच की न्यू बोर्न यूनिट में करीब एक माह तक भर्ती रखा था. छुट्टी मिलने के कुछ दिन बाद उसकी तबीयत बिगड़ी तो उसे फिर न्यू चेस्ट वार्ड में भर्ती करना पड़ा. इस बार सेप्टीसीमिया के कारण पूरे शरीर में संक्रमण फैल गया था, साथ ही निमोनिया भी गंभीर अवस्था में पहुंच गया.

**एक नजर में** रवीन्द्र नाट्य गृह में सजी रंग-ए-महफिल

## संगीत संध्या में कलाकारों ने बिखेरे देशभक्ति के इंद्रधनुषी रंग





**इंदौर.** संस्था सेवा सुरभि की मेजबानी और जिला प्रशासन, इंदौर पुलिस, नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण की सहभागिता में शनिवार की शाम को रवीन्द्र नाट्य गृह में पुणे से आए नामी कलाकारों ने देशभक्ति से प्रेरित भारत हमको जान से प्यारा है. संगीत संध्या में अपने गीतों और संगीतमय प्रस्तुतियों से कुछ ऐसा जबरदस्त माहौल संजोया कि सभा गृह में मौजूद लगभग प्रत्येक श्रोता अपनी जगह पर ही झूम उठा. करीब 3 घंटे चले इस इंद्रधनुषी शाम में संस्था सेवा सुरभि के साथ रंग-ए-महफ़िल और वनबन्धु परिषद इंदौर चैप्टर की सहभागिता भी रही.

प्रारंभ में सांसद शंकर लालवानी, संभागायुक्त सुदाम खाड़े, समाजसेवी टीकमचंद गर्ग, वीरेन्द्र गोयल, राजेश चेलावत, संस्था संयोजक ओमप्रकाश नरेडा ने दीप प्रज्वलन कर इस रंगारंग संगीत संध्या का शुभारम्भ किया. इस अवसर पर सावनी रवीन्द्र द्वारा वन्दे मातरम की शुरुआती प्रस्तुति के बाद प्रख्यात गायक स्वरांश पाठक, आशुतोष जोशी, सुरभि सांखला और रूपक बुंदेला ने अभिजीत गौड़ के सधे हुए संगीत निर्देशन में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी. प्रारंभ में संस्था सेवा सुरभि की ओर से अनिल गोयल, दिलीप अग्रवाल, अशोक मित्तल सहित अन्य साथियों ने सभी कलाकारों का स्वागत किया. सूत्रधार संजय पटेल ने अतिथियों एवं कलाकारों का परिचय दिया और उन्हें मंच पर आमंत्रित किया.

### नृत्य की प्रस्तुति दी...

अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में इंडिया गेट की प्रतिकृति गोविंद मंगल, मोहन अग्रवाल, अतुल शेठ, राजेश अग्रवाल, सीए नवीन खंडेलवाल, अरविन्द जायसवाल, पंकज कासलीवाल आदि ने भेंट की. संस्था कलार्पण डांस एकेडमी की पूजा पटवर्धन के निर्देशन में मैं रहूँ या न रहूँ, भारत ये रहना चाहिए देशभक्ति पर आधारित नृत्य प्रस्तुति के साथ इस संध्या का आगाज हुआ. रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ इस इंद्रधनुषी संगीत संध्या का समापन हुआ लेकिन तब भी श्रोताओं के चेहरों से लग रहा था कि अभी और थोड़ी देर यह सिलसिला चलते रहना चाहिए था.